बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 03 / 02–भू0अ0नि0राज्य यो0(आरोप)शिवहर–31 / 2023..9035 पटना, दिनांक :–30/11/2023

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, शिवहर के पत्रांक 286 दिनांक 17.05.2023 द्वारा श्री सुमित कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN2121), श्री चन्द्रशेखर आजाद, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02218), श्री विश्वम्बर कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02295), श्री सुरेन्द्र कुमार यादव विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02114) एवं सुश्री सुमन कुमारी, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04011) के विरूद्ध ससमय कार्य पूर्ण नहीं करने एवं कार्य में विलंब करने के संबंध में प्रतिवेदन देते हुए कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 5044 दिनांक 19.06.2023, पत्रांक 5045 दिनांक 19.06.2023, पत्रांक 5047 दिनांक 19.06.2023, पत्रांक 5043 दिनांक 19.06.2023 एवं पत्रांक 5049 दिनांक 19.06.2023 द्वारा संबंधित संविदा कर्मियों से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है।

प्राप्त स्पष्टीकरण पर निदेशालय के पत्रांक 5849 दिनांक 14.07.2023 द्वारा बंदोबस्त पदाधिकारी से मंतव्य की मांग की गयी है। बंदोबस्त पदाधिकारी के पत्रांक 457 दिनांक 21.07.2023 द्वारा मंतव्य भेजा गया है।

बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन एवं मंतव्य तथा प्राप्त स्पष्टीकरण के समीक्षोपरांत पाया गया है कि संबंधित संविदा कर्मियों द्वारा प्रथम दृष्टया कार्य में शिथिलता बरती गयी है। इस संबंध में बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा मानदेय कटौती का मंतव्य दिया गया है। अतः प्राप्त मंतव्य के आलोक में उपरोक्त तीनों संविदा कर्मियों के 01 माह के मानदेय की कटौती करते हुए चेतावनी के साथ स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है।

(जय सिंह)
निदेशक 30/11/23
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 02–भू0अ0नि0राज्य यो0(आरोप)शिवहर–31 / 2023 9035 **पटना, दिनांक** :– 30/11/2023

प्रतिलिपि :– श्री सुमित कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN2121), श्री चन्द्रशेखर आजाद, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02218), श्री विश्वम्बर कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02295), श्री सुरेन्द्र कुमार यादव विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02114) एवं सुश्री सुमन कुमारी, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04011), बंदोबस्त कार्यालय, शिवहर को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 02–भू0अ0नि0राज्य यो0(आरोप)शिवहर–31 / 2023 9035 **पटना, दिनांक** :– 30/11/2023

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, शिवहर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 02–भू0अ0नि0राज्य यो0(आरोप)शिवहर–31 / 2023 9035 **पटना, दिनांक** :– 30/11/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत संधारित संबंधित संविदा कर्मियों की व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक 30/11/23
भू–अभिलेख एवं परिमाप